एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड

(एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कम्पनी)

**NTPC GREEN ENERGY LIMITED**

*(A Subsidiary of NTPC Limited)*

## Advertisement. No. 03/26

NTPC Green Energy Limited (NGEL), a subsidiary of NTPC Ltd., has presence in the renewable power and hydrogen generation business. Commensurate with our country's growth challenges, the company has embarked upon an ambitious plan to attain a total installed capacity of 60 GW by 2032.

NGEL as an equal opportunity Employer is looking for **experienced professionals** for **Renewable Energy area** as per details given below for NGEL Corporate/ Station/ Sites/ Clusters/ JVs and its subsidiaries all across India:

**Details of posts with eligibility and Qualification's criteria are as below:**

**A. Name of Post**: Manager – RE (E-4 Grade) – **28 Posts.**

**Qualification**: Fulltime Graduate in Engineering (Electrical/ Electrical & Electronics/ Control & Instrumentation/ Civil/ Mechanical) with minimum 60% marks from a recognized University/ Institution in India.

**Experience Profile**: Minimum 10 Years of post-qualification executive experience in Power Sector in a Govt Organization / Public Sector Undertaking/ Private Organization (Including training period if any).Out of which at least 04 years of working experience should be in following department of Renewable Energy Developers having at least 50 MW or more, grid connected Solar and/or Wind and/or BESS Project(s):

**Business Development/ Engineering/ Contracts & Procurement/ Commercial/ Project Management/ Corporate Planning/ Strategy.**

**Upper Age Limit**: 40 years

**Level/Pay scale of recruitment**: E-4 Grade/IDA w.e.f. 01.01.2017(Rs.70,000 –200,000/-).

**Projected Vacancies**: Category wise projected vacancies are given below:

| Name of the post | UR | SC | ST | OBC | EWS | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Manager – RE | 13 | 04 | 02 | 07 | 02 | 28 |

- **Current vacancies have been calculated as per the existing roaster position.**

Reservations for PwBD candidates will be as per Govt. Guidelines.

**The total number of projected vacancies indicated above may increase/decrease at the discretion of NGEL Management.**

**For Govt/Public Sector undertaking candidates applying for E4 level Post:**

For candidates from Govt/Public Sector undertaking, they should have a minimum of 02 years' experience in the scale of Rs. 60,000 – 180,000 or above (IDA Pay scale of E-3 Grade or above of DPE effective from 01-01-2017) or equivalent Scale out of the above mentioned Ten (10) years of Post Qualification of Executive Experience (Including Training/Trainee period, if any).

**B. Name of Post**: Manager – Finance (E-4 Grade) – **05 Posts.**

**Qualification**: CA/CMA (previously ICWA) qualified from institute recognized by appropriate statutory authority in India are eligible to apply.

**Experience Profile**: Minimum 10 Year post qualification executive experience (excluding article ship period and including training period, if any) in the area of Finance/Accounts in a Govt Organization / Public Sector Undertaking/ Private Organization.

Candidates with knowledge of SAP, MS office and Data Analytics will be preferred.

Preference will be given to candidates, who have worked with RE Developer Company.

**Upper Age Limit**: 40 years

**Level/Pay scale of recruitment:** E-4 Grade/IDA w.e.f 01.01.2017 (Rs.70,000 –200,000/-)

**Projected Vacancies**: Category wise projected vacancies are given below:

| Name of the post | UR | SC | ST | OBC | EWS | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Manager – Finance | 04 | 00 | 00 | 01 | 00 | 05 |

- **Current vacancies have been calculated as per the existing roaster position.**

Reservations for PwBD candidates will be as per Govt. Guidelines.

**The total number of projected vacancies indicated above may increase/decrease at the discretion of NGEL Management.**

**For Govt/Public Sector undertaking candidates applying for E4 level Post:**

For candidates from Govt/Public Sector undertaking, they should have a minimum of 02 years' experience in the scale of Rs. 60,000 – 180,000 or above (IDA Pay scale of E-3 Grade or above of DPE effective from 01-01-2017) or equivalent Scale out of the above mentioned Ten (10) years of Post Qualification of Executive Experience (Including Training/Trainee period, if any).

C. **Name of Post**: Manager – Land (E-4 Grade) – **01 Posts.**

**Qualification**: Full Time PG Degree/ PG Diploma / PG Programme in Rural Management/ Rural Development/ Displacement/ Resettlement/ Rehabilitation/ Community Development / Local Governance/ Local Development/ Livelihoods /Social Entrepreneurship/ Social Development/ Social Administration/ Sustainable Development/ Development Policy & Practice/ Development Studies or MSW or MBA or Graduate in Engineering with minimum 60% marks from a recognized University/ Institution in India.

**Experience Profile**: Minimum 10 years of post-qualification executive experience (including training period, if any) in land acquisition/land aggregation/ land management in a Govt Organization / Public Sector Undertaking/ Private Organization. Out of which at least 4 years' experience should be of land acquisition/ land aggregation/ land management for Renewable Energy developers having at least 50 MW or more, grid connected Solar and/or Wind and/or BESS Project(s),

Candidates with knowledge of SAP, MS office and Data Analytics will be preferred.

**Upper Age Limit**: 40 years

**Level/Pay scale of recruitment:** E-4 Grade/IDA w.e.f 01.01.2017 (Rs.70,000 –200,000/-)

**Projected Vacancies**: Category wise projected vacancies are given below:

| Name of the post | UR | SC | ST | OBC | EWS | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Manager – Land | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

- **Current vacancies have been calculated as per the existing roaster position.**

Reservations for PwBD candidates will be as per Govt. Guidelines.

**The total number of projected vacancies indicated above may increase/decrease at the discretion of NGEL Management.**

**For Govt/Public Sector undertaking candidates applying for E4 level Post:**

For candidates from Govt/Public Sector undertaking, they should have a minimum of 02 years' experience in the scale of Rs. 60,000 – 180,000 or above (IDA Pay scale of E-3 Grade or above of DPE effective from 01-01-2017) or equivalent Scale out of the above mentioned Ten (10) years of Post Qualification of Executive Experience (Including Training/Trainee period, if any).

## IDENTIFIED TYPE OF DISABILITIES FOR THE POSTS:

**Electrical**: a) D, HH b) OA, OL, Dw, AAV c) ASD (M), SLD, MI d) MD involving (a) to (c), **Mechanical**: a) D, HH b) OA, OL, Dw, AAV c) SLD, MI d) MD involving (a) to (c), **C&I/Electronics**: a) D, HH b) OA, OL, CP, LC, Dw, AAV c) ASD(M), SLD, MI d) MD involving (a) to (c), **Civil:** a) D, HH, (b) OA, OL, LC, Dw, AAV, (c) SLD, MI, (d) MD involving (a) to (c) above, **Finance:** a) B, LV, (b) D, HH, (c) OA, BA, OL, BL, OAL, BLOA, BLA, LC, Dw, AAV, (d) MD involving (a) to (c) above, **Land:** a) B, LV, (b) D, HH, (c) OA, BA, OL, BL, OAL, BLOA, BLA, LC, Dw, AAV, (d) MD involving (a) to (c) above

## HEALTH

The candidate should have sound health. Before joining, candidates will have to undergo medical examination at any of the specified govt. hospitals (having status of minimum district hospital). The decision will be final, and binding based on the medical fitness issued by the hospital. No relaxation in prescribed health standards is allowed. The detailed medical norms are available on the NGEL website (i.e. www.ngel.in); hence all applicants are advised to go through the medical norms before applying.

## SELECTION PROCESS:

In order to restrict the number of candidate for selection process, if so required, the management reserves the right to conduct multistage selection process which may comprise of application shortlisting/ screening (based on qualification/ % of marks/ no. of years' experience etc.), Written Test/Group Discussion/Interview etc. or combination of Written Test, Group Discussion and Interview or to raise the minimum eligibility standards/ criteria, as per requirement.

## General Instructions:

1. Only Indian Nationals are eligible to apply.
2. All qualifications should be from Universities / Institutions recognized and approved in India. SC, ST & PwBD candidates with passing marks are eligible to apply for the post.
3. All computations of age/experience requirement / qualification shall be done w.r.t. the last date of receipt of online application as mentioned in the advertisement.
4. Category (SC/ST/OBC/PwBD) once filled in the online application form will not be changed and no benefit of the other category will be admissible later. Candidates claiming to belong to any particular category should necessarily have the applicable year's valid EWS/OBC/SC/ST/Disability certificate, as the case may be, from the Competent Authority (in the latest prescribed format of Government of India) Where there is vacancy identified for such category, upper age limit is relaxed by 5 years for SC/ST candidates, by 3 years for OBC candidates, by 10 years for PwBD candidates. Relaxation of age to Ex- Serviceman as per the Govt. guidelines.
5. Depending on the requirement, the Company reserves the right to cancel the recruitment process or to restrict / curtail / increase the number of vacancies, if need, so arises at any stage, without any further notice and without assigning any reason thereof.
6. Posting shall be at any of the Corporate Centre/Sites/Stations/ Projects/ JVs/ Subsidiaries of NGEL. All posts are transferable at the sole discretion of the Management.
7. While applying for the post, the applicant should ensure that he/she fulfils the eligibility and other norms mentioned above, as on the specified dates and that the particulars furnished are correct in all respects. In case it is detected at any stage of recruitment that a candidate does not fulfil the eligibility norms and / or that he/she has furnished any incorrect/false information or has suppressed any material fact(s), his/her candidature will stand automatically cancelled. If any of the above shortcomings are detected even after appointment his/her services are liable to be terminated without any notice. Canvassing in any form shall disqualify the candidate.
8. The mere fact that a candidate has submitted application against the advertisement and apparently fulfilling the minimum eligible criteria as prescribed in the advertisement would not bestow on him/her the right to be shortlisted/called for written test/Group Discussion/interview or to be considered further for selection process.
9. In case of Multiple application submitted by a candidate for the same post, the application with the higher application sequence number will be considered.
10. The age of superannuation in NTPC Green Energy Limited (NGEL) is 60 years. All appointments shall be governed by the applicable service rules and regulations of the Company as amended from time to time.
11. Any proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement and / or an application in response thereto can be instituted only in Delhi and courts / tribunals / forums at Delhi only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any such cause / dispute.
12. In case any ambiguity/dispute arises on account of interpretation in versions other than English, the English Version will prevail.

**How to Apply:**

1. Interested candidates may visit the careers section of our website **www.ngel.in** for applying. Applications shall be accepted through online mode only. No other means/ mode of application shall be accepted. Candidates are required to possess a valid email ID. NGEL will not be responsible for bouncing back any email sent to the candidates. No change in the Email ID will be allowed. All future correspondence would be sent via email only.
2. Candidates will be required to upload all the required documents at the time of applying (as listed at para 6 Below)
3. Candidates belonging to General/EWS/OBC category are required to pay a non-refundable registration fee of Rs. 500/. The SC/ST/ PwBD/XSM category & female candidates need not pay the registration fee.
4. **Payment in online mode:** Candidates have the option to pay the fees online through SBI Collect Payment Gateway through Net Banking, Debit Cards, Credit Cards, UPI etc. The online payment option will be available in the online application form.
5. Fee once paid will not be refunded under any circumstances. Candidates are therefore requested to verify their eligibility criteria before paying the registration fee. **After applying online, candidate is required to download the application slip generated by the system with unique form number**. Copy of application slip may be retained by the candidate for future reference. No document is required to be sent to us by post.
6. **UPLOADING DOCUMENTS**

   Candidate(s) applying for the advertised post must attach self-attested copy of certificates w.r.t to proof of age, Marks sheets/transcript and certificates of all the qualification(s) and certificate(s) of experience of all the organization specifically mentioned about his /her area of specialization/job performed/expertise. **All the candidates have to upload clear and legible following documents while applying:**

   i. Class X/ Matriculation passing Certificate /Marksheet and Valid Adhaar Card and PAN Card for proof of Name and Date of Birth(DOB) (Name and DOB should appear in conformity on all documents)
   ii. Engineering/ CA/ CMA/ PG/MSW/MBA (as per the qualification requirement for post being applied for) consolidated Marksheet/Transcript/ all semester marksheet clearly indicating aggregate% of marks in semesters passing certificate from the Concerned authorities.
   iii. Marks conversion formula from the university/Institute for conversion of marks from CGPA/CGPI/DGPA/CGI/CPI etc. into percentage (%).
   iv. Documents related to other qualifications, (Pass certificate & Mark sheets), if any.
   v. Caste/Disability certificate (For SC/ST/OBC-NCL/PwBD/EWS candidates) as applicable.
   vi. OBC-NCL certificate should be in central format for the financial year 2026-27.
   vii. EWS candidates need to submit current year Income & Asset certificate in the prescribed format I.e. the certificate should be valid for FY 2026-27 based on the income of FY 2025-26.
   viii. Disability certificates should be as per the latest prescribed Central Govt. Format generated online through the Swalamban/UDID portal (clearly indicating the type and percentage of disability) in line with the identified disability for the posts mentioned in the advertisement.
   ix. Candidates are required to arrange and upload all experience-related documents organization-wise and in chronological order, beginning with the Current/Recent employer and continuing up to the First employer, to facilitate verification of the claimed experience and eligibility criteria. For each organization/company, the document set should include, but not be limited to, **any of the following documents or in combination**, to clearly demonstrate the duration of employment, career progression, position held/designation, work area and continuity of service (as applicable):

      1. Experience Certificate / Service Certificate
      2. Offer of Appointment / Appointment Letter / Offer Letter plus Joining Letter / Joining Order/Confirmation Letter / Absorption Letter/Order on Completion of Training (where applicable)/ Relieving Letter (where applicable)
      3. Two (02) pay slips for each year of service in the respective organization.
      4. Form 16 for Last Three Financial Years.

   To clearly demonstrate the position held/designation, work area and nature of experience, candidates need to submit **any of the following documents or in combination**, (as applicable):

   Role Assignment Orders/ Organization Charts/ Transfer Orders/Promotion Orders/ or any other supporting documents indicating the work area, department, section, reporting structure, or functional responsibilities.

   **Incomplete, inadequately supported, or improperly arranged experience documents may result in non-consideration of the application during the scrutiny and eligibility verification process.**

x. Further, Candidates from Govt Organization/ Public Sector Undertakings will be required to produce NOC (No Objection Certificate) from their employer at the time of interview. In case NOC is not submitted at the time of Interview, the candidate may be provisionally allowed to appear subject to submitting an undertaking that he/she will submit the NOC within a stipulated time frame or will get proper relieving from the existing employer before joining NGEL, if selected.

**Note – The candidates should necessarily upload all documents while applying. Applications with incomplete/ Insufficient/ illegible documents will be rejected/ not considered for further process.**

7. It is mandatory that eligible candidates go through the full text of the advertisement and agree to all the conditions given, while applying for the post. Any further addendum/corrigendum/updates will only be published on our website.

| **Activity** | **Date** |
|---|---|
| Start date of online application | 11.08.2026 (From 10:00 Hrs.) |
| Last date of online application | 31.08.2026 (Till 18:00 Hrs.) |

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड
(एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कम्पनी)
NTPC GREEN ENERGY LIMITED
(A Subsidiary of NTPC Limited)

# विज्ञापन सं 03/26

एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल), नवीकरणीय ऊर्जा तथा हाइड्रोजन उत्पादन व्यवसाय में उपस्थिति रखती है। हमारे देश की विकास संबंधी चुनौतियों के अनुरूप, कंपनी ने वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की एक महत्वाकांक्षी योजना निरूपित की है।

एक समान अवसर प्रदान करने वाले नियोक्ता के रूप में, एनजीईएल को समूचे भारत में स्थित अपने कॉर्पोरेट केंद्र/स्टेशन/साइट/क्लस्टर/संयुक्त उद्यम तथा अपनी सहायक कंपनियों के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए अनुभवी पेशेवरों की तलाश है।

**पदों का विवरण तथा पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता के मानदंड निम्नानुसार हैं :**

**क. पद का नाम** : प्रबंधक – आरई (ई-4 ग्रेड) **– 28 पद**

**शैक्षणिक योग्यता :** भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स/कंट्रोल एण्ड इंस्ट्रूमेंटेशन/सिविल/मैकेनिकल) में पूर्णकालिक स्नातक।

**अनुभव प्रोफाइल:** विद्युत क्षेत्र के किसी सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/निजी संगठन में शैक्षणिक योग्यता पश्चात न्यूनतम 10 वर्ष का कार्यपालक स्तर का अनुभव (प्रशिक्षण अवधि सहित, यदि कोई हो तो)। उक्त अनुभव में से कम-से-कम 4 वर्ष का अनुभव ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर के निम्नलिखित विभागों में होना चाहिए, जिसके पास न्यूनतम 50 मेगावाट या उससे अधिक क्षमता वाली ग्रिड से जुड़ी सौर तथा/अथवा पवन तथा/ अथवा बीईएसएस परियोजना(एं) हों :

**व्यवसाय विकास / इंजीनियरिंग / संविदा एवं क्रय / वाणिज्यिक / परियोजना प्रबंधन/ कारपोरेट आयोजना / रणनीति**

**अधिकतम आयु सीमा:** 40 वर्ष

**भर्ती का स्तर/वेतनमान:** ई-4 ग्रेड/आईडीए, दिनांक 01.01.2017 से प्रभावी (70,000 – 2,00,000/- रुपए)

**अनुमानित रिक्तियाँ** : श्रेणी-वार अनुमानित रिक्तियां नीचे दी गई है:

| पद का नाम | अनारक्षित | अनु.जा. | अनु.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रबंधक – आरई | 13 | 04 | 02 | 07 | 02 | 28 |

**• वर्तमान रिक्तियों की गणना मौजूदा रोस्टर स्थिति के अनुसार की गई है।**

दिव्यांगजन हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण होगा।

**उपरोक्त दर्शाई गई कुल अनुमानित रिक्तियों की संख्या एनजीईएल प्रबंधन के विवेकानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।**

**ई-4 स्तर के पद हेतु आवेदन करने वाले सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अभ्यर्थियों के लिए:**

सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अभ्यर्थियों के पास उपर्युक्त 10 (दस) वर्ष के शैक्षणिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत वाले कार्यपालक अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि सहित, यदि कोई हो तो) में से कम-से-कम 2 वर्ष का अनुभव 60,000–1,80,000/- रुपए अथवा उससे अधिक वेतनमान (डीपीई के 01.01.2017 से प्रभावी ई-3 ग्रेड अथवा उससे ऊपर के आईडीए वेतनमान) या समकक्ष वेतनमान में होना चाहिए।

**ख. पद का नाम:** प्रबंधक – वित्त (ई-4 ग्रेड) – **05 पद**

**शैक्षणिक योग्यता :** भारत में उपयुक्त वैधानिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से सीए/सीएमए (पूर्व में आईसीडब्ल्यूए) उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं।

**अनुभव प्रोफाइल:** किसी सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/निजी संगठन में वित्त/लेखा के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता प्राप्ति के पश्चात न्यूनतम 10 वर्ष का कार्यपालक अनुभव (आर्टिकलशिप अवधि को छोड़कर तथा प्रशिक्षण अवधि सहित, यदि कोई हो तो)।

एसएपी, एमएस ऑफिस तथा डाटा एनालिटिक्स का ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

ऐसे अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर कंपनी में कार्य किया हो।

**अधिकतम आयु सीमा:** 40 वर्ष

**भर्ती का स्तर/वेतनमान:** ई-4 ग्रेड/आईडीए, दिनांक 01.01.2017 से प्रभावी (70,000 – 2,00,000 रुपए)

**अनुमानित रिक्तियाँ** : श्रेणी-वार अनुमानित रिक्तियां नीचे दी गई है:

| पद का नाम | अनारक्षित | अनु.जा. | अनु.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रबंधक – वित्त | **04** | **00** | **00** | **01** | **00** | **05** |

**• वर्तमान रिक्तियों की गणना मौजूदा रोस्टर स्थिति के अनुसार की गई है।**

दिव्यांगजन हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण होगा।

**उपरोक्त दर्शाई गई कुल अनुमानित रिक्तियों की संख्या एनजीईएल प्रबंधन के विवेकानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।**

**ई-4 स्तर के पद हेतु आवेदन करने वाले सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अभ्यर्थियों के लिए :**

सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अभ्यर्थियों के पास उपर्युक्त 10 वर्ष के शैक्षणिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत वाले कार्यपालक अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि सहित यदि कोई हो तो) में से कम-से-कम 2 वर्ष का अनुभव 60,000–1,80,000/- रुपए अथवा उससे अधिक वेतनमान (डीपीई के 01.01.2017 से प्रभावी ई-3 ग्रेड अथवा उससे ऊपर के आईडीए वेतनमान) या समकक्ष वेतनमान में होना चाहिए।

**ग. पद का नाम :** प्रबंधक – भूमि (ई-4 ग्रेड) **– 01 पद**

**शैक्षणिक योग्यता :** भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ ग्रामीण प्रबंधन/ग्रामीण विकास/विस्थापन/ पुनर्स्थापन/पुनर्वास/सामुदायिक विकास/स्थानीय शासन/स्थानीय विकास/आजीविका/सामाजिक उद्यमिता/सामाजिक विकास/सामाजिक प्रशासन/सतत विकास/विकास नीति एवं व्यवहार/विकास अध्ययन में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्नातकोत्तर कार्यक्रम अथवा एमएसडब्ल्यू, एमबीए या इंजीनियरिंग में स्नातक।

**अनुभव प्रोफाइल:** किसी सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/निजी संगठन में भूमि अधिग्रहण/भूमि समेकन/भूमि प्रबंधन के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता पश्चात न्यूनतम 10 वर्ष का कार्यपालक अनुभव (प्रशिक्षण अवधि सहित, यदि कोई हो तो)। उक्त अनुभव में से कम-से-कम 4 वर्ष का अनुभव ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर के लिए भूमि अधिग्रहण/भूमि समेकन/भूमि प्रबंधन में होना चाहिए, जिसके पास न्यूनतम 50 मेगावाट या उससे अधिक क्षमता वाली ग्रिड से जुड़ी सौर तथा/अथवा पवन तथा/ अथवा बीईएसएस परियोजना(एं) हों।

एसएपी, एमएस ऑफिस तथा डाटा एनालिटिक्स का ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

**अधिकतम आयु सीमा:** 40 वर्ष

**भर्ती का स्तर/वेतनमान:** ई-4 ग्रेड/आईडीए, दिनांक 01.01.2017 से प्रभावी (70,000 – 2,00,000/- रुपए)

**अनुमानित रिक्तियाँ** : श्रेणी-वार अनुमानित रिक्तियां नीचे दी गई है:

| पद का नाम | अनारक्षित | अनु.जा. | अनु.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रबंधक – भूमि | **01** | **00** | **00** | **00** | **00** | **01** |

**• वर्तमान रिक्तियों की गणना मौजूदा रोस्टर स्थिति के अनुसार की गई है।**

दिव्यांगजन हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण होगा।

**उपरोक्त दर्शाई गई कुल अनुमानित रिक्तियों की संख्या एनजीईएल प्रबंधन के विवेकानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।**

**ई-4 स्तर के पद हेतु आवेदन करने वाले सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अभ्यर्थियों के लिए**

सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अभ्यर्थियों के पास उपर्युक्त 10 वर्ष के शैक्षणिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत वाले कार्यपालक अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि सहित यदि कोई हो तो) में से कम-से-कम 2 वर्ष का अनुभव 60,000–1,80,000/- रुपए अथवा उससे अधिक वेतनमान (डीपीई के 01.01.2017 से प्रभावी ई-3 ग्रेड अथवा उससे ऊपर के आईडीए वेतनमान) या समकक्ष वेतनमान में होना चाहिए।

**पदों के लिए चिन्हित दिव्यांगताओं के प्रकार:**

**इलेक्ट्रिकल:** (क) डी, एचएच (ख) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी (ग) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई (घ) (क) से (ग) तक सम्मिलित बहु-दिव्यांगता (एमडी)

**मैकेनिकल:** (क) डी, एचएच (ख) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी (ग) एसएलडी, एमआई (घ) (क) से (ग) तक सम्मिलित बहु-दिव्यांगता (एमडी)

**सी एंड आई/इलेक्ट्रॉनिक्स:** (क) डी, एचएच (ख) ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी (ग) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई (घ) (क) से (ग) तक सम्मिलित बहु-दिव्यांगता (एमडी)

**सिविल:** (क) डी, एचएच (ख) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी (ग) एसएलडी, एमआई (घ) उपर्युक्त (क) से (ग) तक सम्मिलित बहु-दिव्यांगता (एमडी)

**वित्त:** (क) बी, एलवी (ख) डी, एचएच (ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी (घ) उपर्युक्त (क) से (ग) तक सम्मिलित बहु-दिव्यांगता (एमडी)

**भूमि:** (क) बी, एलवी (ख) डी, एचएच (ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी (घ) उपर्युक्त (क) से (ग) तक सम्मिलित बहु-दिव्यांगता (एमडी)

**स्वास्थ्य**

अभ्यर्थी का स्वास्थ्य उत्तम होना चाहिए। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, अभ्यर्थियों को निर्दिष्ट सरकारी अस्पतालों (जिनका स्तर कम से कम जिला अस्पताल का हो) में चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा। अस्पताल द्वारा जारी चिकित्सीय उपयुक्तता के आधार पर लिया गया निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में किसी प्रकार की छूट अनुमन्य नहीं होगी। विस्तृत चिकित्सीय मानदंड एनजीईएल की वेबसाइट (i.e. www.ngel.in) पर उपलब्ध हैं; अतः सभी अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पूर्व चिकित्सीय मानदंडों का अवलोकन करने की सलाह दी जाती है।

**चयन प्रक्रिया :**

चयन प्रक्रिया हेतु अभ्यर्थियों की संख्या सीमित करने के लिए, यदि आवश्यक हुआ, तो प्रबंधन बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसमें आवेदन की संक्षिप्त सूची तैयार करना/छंटनी (शैक्षणिक योग्यता/अंकों के प्रतिशत/अनुभव के वर्षों आदि के आधार पर), लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/साक्षात्कार आदि अथवा लिखित परीक्षा, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के संयोजन का आयोजन अथवा आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाना सम्मिलित हो सकता है।

**सामान्य निर्देश :**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी शैक्षणिक योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। उत्तीर्ण अंकों वाले अनु.जा., अनु.ज.जा. और दिव्यांगजन अभ्यर्थी पद के लिए आवेदन करने के पात्र है।
3. आयु/अनुभव/शैक्षणिक योग्यता संबंधी सभी गणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के संदर्भ में की जाएंगी।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन) में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा तथा बाद में किसी अन्य श्रेणी का लाभ स्वीकार्य नहीं होगा। किसी विशेष श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास, यथास्थिति, सक्षम प्राधिकारी द्वारा (भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप में) जारी संबंधित वर्ष का वैध आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। जहां ऐसी श्रेणी के लिए रिक्तियां चिन्हित हैं, वहां अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों को 3 वर्ष तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों को आयु में छूट भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
5. आवश्यकता के अनुसार कंपनी बिना कोई कारण बताए तथा बिना किसी अतिरिक्त सूचना के रिक्तियों की संख्या को निरस्त करने, सीमित करने, घटाने अथवा बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
6. नियुक्ति एनजीईएल के कॉर्पोरेट केंद्र अथवा किसी भी साइट/स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनी में की जा सकती है। सभी पद प्रबंधन के एकमात्र विवेकाधिकार पर स्थानांतरणीय हैं।
7. पद हेतु आवेदन करते समय अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार उपर्युक्त पात्रता एवं अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है तथा उसके द्वारा दी गई सभी जानकारियां प्रत्येक दृष्टि से सही हैं। यदि भर्ती की किसी भी अवस्था में यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है अथवा उसने कोई गलत/असत्य सूचना प्रदान की है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, तो उसकी अभ्यर्थिता स्वतः निरस्त हो जाएगी। यदि उपर्युक्त में से कोई भी कमी नियुक्ति के पश्चात भी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में पक्ष-समर्थन करना अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर देगा।
8. केवल इस आधार पर कि किसी अभ्यर्थी ने विज्ञापन के प्रति आवेदन किया है तथा प्रथम दृष्टया विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करता/करती है, उसे लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/साक्षात्कार हेतु सूचीबद्ध/आमंत्रित किए जाने अथवा चयन प्रक्रिया में आगे विचार किए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
9. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, तो उच्चतर आवेदन क्रम संख्या वाला आवेदन ही विचारार्थ स्वीकार किया जाएगा।
10. एनजीईएल में सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है। सभी नियुक्तियां कंपनी के समय-समय पर संशोधित लागू सेवा नियमों एवं विनियमों द्वारा शासित होंगी।
11. इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके प्रत्युत्तर में किए गए आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे अथवा विवाद से संबंधित कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में ही संस्थित की जा सकेगी तथा ऐसे किसी भी वाद/विवाद का विचारण करने का एकमात्र एवं विशिष्ट अधिकार केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों/अधिकरणों/मंचों को होगा।
12. यदि अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य किसी भाषा के संस्करण की व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता अथवा विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें :**

1. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ngel.in** के करियर सेक्शन पर जा सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/प्रकार स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के वापस लौट आने के लिए एनजीईएल उत्तरदायी नहीं होगा। ई-मेल आईडी में किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य का समस्त पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा।
2. आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे (बिंदु 6 में यथाउल्लिखित)।
3. सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को 500/- रुपए का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क जमा कराना होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी तथा महिला अभ्यर्थियों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।

4. **ऑनलाइन माध्यम से भुगतान :** अभ्यर्थियों को एसबीआई कलेक्ट भुगतान गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई आदि द्वारा ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करने का विकल्प उपलब्ध होगा। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध रहेगा।
5. एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पूर्व अपनी पात्रता का सत्यापन कर लें। **ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात अभ्यर्थी को प्रणाली द्वारा जारी विशिष्ट प्रपत्र संख्या सहित आवेदन पर्ची डाउनलोड करनी होगी।** अभ्यर्थी आवेदन पर्ची की एक प्रति भविष्य के संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रख सकता/सकती है। डाक द्वारा कोई दस्तावेज हमें भेजने की आवश्यकता नहीं है।
6. **दस्तावेज अपलोड करना**

विज्ञापित पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को आयु के प्रमाण, सभी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकतालिकाओं/प्रतिलेखों (ट्रांसक्रिप्ट) एवं प्रमाण-पत्रों तथा सभी संगठनों के अनुभव प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करनी होंगी, जिनमें उसकी विशेषज्ञता/निष्पादित कार्य/विशेष दक्षता के क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख हो। **आवेदन करते समय सभी अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज स्पष्ट एवं पठनीय रूप में अपलोड करने होंगे :**

i. नाम एवं जन्मतिथि के प्रमाण हेतु कक्षा 10/मैट्रिक उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र/अंकतालिका तथा वैध आधार कार्ड एवं पैन कार्ड। (सभी दस्तावेजों में नाम एवं जन्मतिथि एक समान होने चाहिए।)

ii. इंजीनियरिंग/सीए/सीएमए/पीजी/एमएसडब्ल्यू/एमबीए (आवेदित पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक योग्यता के अनुसार) की समेकित अंकतालिका/ट्रांसस्क्रिप्ट/सभी सेमेस्टरों की अंकतालिकाएँ, जिनमें सभी सेमेस्टरों के कुल प्राप्तांक का समग्र प्रतिशत स्पष्ट रूप से अंकित हो, तथा संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र।

iii. सीजीपीए/सीजीपीआई/डीजीपीए/सीजीआई/सीपीआई आदि को प्रतिशत (%) में परिवर्तित करने हेतु विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा निर्धारित अंक रूपांतरण सूत्र।

iv. अन्य शैक्षणिक योग्यताओं (यदि कोई हों) से संबंधित दस्तावेज (उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र एवं अंकतालिकाएं)।

v. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल/दिव्यांगजन/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग अभ्यर्थियों के लिए, यथालागू जाति/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र।

vi. अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय प्रारूप में होना चाहिए।

vii. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को चालू वर्ष का आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा, अर्थात् प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय के आधार पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वैध होना चाहिए।

viii. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नवीनतम निर्धारित केंद्रीय सरकार के प्रारूप के अनुसार स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जारी किया गया होना चाहिए (जिसमें दिव्यांगता का प्रकार तथा प्रतिशत स्पष्ट रूप से अंकित हो) तथा वह विज्ञापन में उल्लिखित पदों के लिए चिन्हित दिव्यांगता के अनुरूप हो।

ix. अभ्यर्थियों को अपने समस्त अनुभव संबंधी दस्तावेज संगठन-वार तथा कालानुक्रमिक क्रम में, वर्तमान/नवीनतम नियोक्ता से प्रारंभ करते हुए प्रथम नियोक्ता तक व्यवस्थित कर अपलोड करने होंगे, जिससे दावा किए गए अनुभव एवं पात्रता मानदंडों का सत्यापन सुगमता से किया जा सके। प्रत्येक संगठन/कंपनी के लिए दस्तावेजों के संकलन में **निम्नलिखित में से कोई एक अथवा इनके संयोजन में दस्तावेज** सम्मिलित होने चाहिए, जिससे नियोजन की अवधि, करियर प्रगति, धारित पद/पदनाम, कार्य क्षेत्र तथा सेवा की निरंतरता (यथालागू) स्पष्ट रूप से प्रमाणित हो सके :

1. अनुभव प्रमाण-पत्र/सेवा प्रमाण-पत्र।
2. नियुक्ति प्रस्ताव/नियुक्ति पत्र/प्रस्ताव पत्र के साथ कार्यभार ग्रहण पत्र/कार्यभार ग्रहण आदेश/पुष्टिकरण पत्र/समावेशन पत्र/प्रशिक्षण पूर्ण होने पर जारी आदेश (जहां लागू हो)/कार्यमुक्ति पत्र (जहां लागू हो)।
3. संबंधित संगठन में सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए दो (02) वेतन पर्चियां।
4. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए फार्म 16

धारित पद/पदनाम, कार्य क्षेत्र तथा अनुभव की प्रकृति को स्पष्ट रूप से प्रमाणित करने के लिए अभ्यर्थियों को **निम्नलिखित में से कोई एक अथवा इनके संयोजन में दस्तावेज** प्रस्तुत करने होंगे (यथालागू) : भूमिका समनुदेशन आदेश/ संगठनात्मक चार्ट/ स्थानांतरण आदेश/ पदोन्नति आदेश अथवा कार्य क्षेत्र, विभाग, अनुभाग, रिपोर्टिंग संरचना अथवा कार्यात्मक उत्तरदायित्वों का संकेत देने वाले अन्य सहायक दस्तावेज।

**अपूर्ण, अपर्याप्त रूप से समर्थित अथवा अनुचित ढंग से व्यवस्थित अनुभव संबंधी दस्तावेजों के कारण जांच एवं पात्रता सत्यापन प्रक्रिया के दौरान आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकता है।**

x. इसके अतिरिक्त, सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। यदि साक्षात्कार के समय एनओसी प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो अभ्यर्थी को इस शर्त पर अस्थायी रूप से साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सकती है कि वह निर्धारित समय-सीमा के भीतर एनओसी प्रस्तुत करेगा/करेगी अथवा चयनित होने की स्थिति में एनजीईएल में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वर्तमान नियोक्ता से विधिवत कार्यमुक्ति प्राप्त करेगा/करेगी।

**टिप्पणी – अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड करने होंगे। अपूर्ण/अपर्याप्त/अपठनीय दस्तावेजों वाले आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे अथवा आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किए जाएंगे।**

7. यह अनिवार्य है कि पात्र अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व विज्ञापन का पूरा पाठ पढ़ें तथा उसमें दी गई सभी शर्तों से सहमत हों। इसके पश्चात जारी होने वाले किसी भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/अद्यतन जानकारी (अपडेट) की सूचना केवल हमारी वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।

| **गतिविधि** | **तिथि** |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 11.08.2026 (प्रातः 10:00 बजे से) |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 31.08.2026 (सायं 06:00 बजे तक) |